कार्यालय प्राचार्य,राजकीय महाविद्यालय किच्छा,(ऊ0सि0नगर)

दिनांकः 27.09.24

राजकीय महाविद्यालय किच्छा ड्रेस योजना

उद्देश्य– महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राएं साफ सुथरी , व्यवस्थित एवं निर्धारित ड्रेस में महाविद्यालय आएं ताकि महाविद्यालय में अनुशासन तथा एकरूपता प्रदर्शित हो और नए छात्र–छात्राएं प्रेरित हों।

पुरस्कार/प्रमाणपत्र– 01 छात्र तथा 01 छात्रा को प्रत्येक माह/वर्ष उत्कृष्ट व्यवहार ,ड्रेस एवं अनुशासन के आधार पर महाविद्यालय की निर्धारित समिति की संस्तुति पर उक्त पुरस्कार प्रदत्त किया जाएगा। इसमें स्मृति चिह्न व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

अर्हता– गत माह एवं वर्तमान माह में न्यूनतम उपस्थिति 75% अनिवार्य है। विद्यार्थियों का चयन संपूर्ण निर्धारित ड्रेस पर ही किया जाएगा।

समिति– प्राचार्य की अध्यक्षता में 05 सदस्यीय समिति होगी जिसमें 01 महाविद्यालय का मुख्य शास्ता, 01 अन्य प्राध्यापक तथा 01 महिला प्राध्यापिका का होना अनिवार्य होगा। महाविद्यालय में महिला प्राध्यापक की अनुपलब्धता पर प्राचार्य द्वारा अन्य सदस्य नामित किया जा सकता है। **01 छात्र** प्रथम सेमेस्टर **तथा 01 छात्रा** अंतिम वर्ष के सेमेस्टर (जिनके विगत कक्षा में सर्वोच्च अंक हो) समिति सदस्य के रूप में मनोनीत किये जाएंगे। समिति सदस्य मनोनीत छात्र–छात्रा स्वयं के पुरस्कार हेतु अर्ह होने पर उस माह समिति सदस्य के रूप में प्रतिभाग नहीं करेंगे।आधे से अधिक सदस्य होने पर समिति का कोरम पूर्ण माना जाएगा।

समिति प्रत्येक माह अर्हता के अनुसार प्राचार्य को 01 छात्र , 01 छात्रा को पुरस्कार हेतु नाम की संस्तुति करेगी।

चयन– समिति के सभी सदस्य 03 छात्र व 03 छात्राओं के नाम बैठक में प्रस्तुत करेंगे और उनमें से प्रत्येक को समिति द्वारा पृथक–पृथक 10 में से अंक दिए जाएंगे । अधिकतम अंक प्राप्त विद्यार्थी को पुरस्कार हेतु समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की जाएगी।

संस्थाध्यक्ष– संस्थाध्यक्ष द्वारा सामान्य रूप से समिति की संस्तुति का अनुमोदन करना होगा , लेकिन विवाद तथा असहमति की स्थिति में प्राचार्य की अध्यक्षता में सर्वसम्मति अथवा बहुमत के आधार पर यथोचित निर्णय लिया जाएगा।

यह योजना माह अक्टूबर 2024 से संचालित होगी।

राजकीय महाविद्यालय किच्छा द्वारा पूर्व निर्धारित ड्रेस –

ग्रीष्मकाल		शीतकाल	
छात्रों के लिए	छात्राओं के लिए	छात्रों के लिए	छात्राओं के लिए
• ग्रे पेंट • नेवी ब्लू टाई • सफेद कमीज • काले जूते	• ग्रे कुर्ता/ग्रे पेंट • नेवी ब्लू टाई (ग्रे पेंट के साथ) • सफेद सलवार/सफेद कमीज • सफेद दुपट्टा • सेंडल	• ग्रे पेंट • नेवी ब्लू टाई • सफेद कमीज • काले जूते • काला स्वेटर/ब्लेजर	• ग्रे कुर्ता/ग्रे पेंट • नेवी ब्लू टाई (ग्रे पेंट के साथ) • सफेद सलवार/सफेद कमीज • सफेद दुपट्टा • सेंडल • काला स्वेटर/ब्लेजर

(डॉ0 राजीव रतन)
प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय, किच्छा
(ऊ0सि0नगर)

पृ0स0: 357 /2024–25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :– निम्नाकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1.निदेशक, उच्च शिक्षा , उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)।

2.आई0क्यू0ए0सी0 संयोजक, राजकीय महाविद्यालय किच्छा (ऊधम सिंह नगर)।

(डॉ0 राजीव रतन)
प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय, किच्छा
(ऊ0सि0नगर)